बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

पत्रांक– 13/स्था0 05–03/2025...................../ पटना, दिनांक–........................

प्रेषक,

अजय सतीश भेंगरा,
सरकार के उप सचिव।

*अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार , बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा:– *वित्त विभाग

विषय : जन शिक्षा निदेशालय के स्तर से संचालित योजनाओं के बेहतर प्रबंधन एवं ससमय कार्य के निष्पादन के लिए पूर्व से सृजित पदों में से कतिपय मरणशील कुल–08 पदों को समर्पित (सरेंडर) करने एवं कतिपय पदों के पदनाम में संशोधन के साथ आवश्यक कुल–09 पदों के सृजन की स्वीकृति एवं नव–सृजित पदों सहित कुल पदों फलस्वरूप वार्षिक व्यय रू0 2,62,04,700/– (दो करोड़ बासठ लाख चार हजार सात सौ रूपये मात्र) की स्वीकृति के संबंध में।

आदेश:– स्वीकृत।

शिक्षा विभाग के अंतर्गत जन शिक्षा निदेशालय सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में चिन्हित कार्यालयों में से एक है। जन शिक्षा निदेशालय के द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार के स्तर से व्यस्क/प्रौढ़ शिक्षा के संदर्भ में चलाए जानेवाले कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। वर्ष 2011 तक इस निदेशालय के अधीन जिला स्तर पर राज्य के 34 जिलों में जिला जन शिक्षा पदाधिकारी एवं अनुसचिवीय स्तर के कतिपय पद सृजित थे। कालान्तर में जिला जन शिक्षा पदाधिकारी के पद को शिक्षा विभाग के अधिसूचना संख्या–1501 दिनांक 18.08.2011 के द्वारा विघटित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के अन्तर्गत संविलयित कर दिया गया।

वहीं जिला जन शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के अधीन स्वीकृत अनुसचिवीय कोटि के समूह 'ग' एवं 'घ' के पदों पर कार्यरत कर्मियों की सेवा शर्तों से सम्बन्धित मामलों के निष्पादन हेतु सम्बन्धित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी को अधिकृत किया गया। इस क्रम में आदेश संख्या–2303 दिनांक–18.12.2013 के द्वारा संविलयित कार्यालय के समूह 'ग' एवं 'घ' के कर्मियों की सेवा शर्तों के निष्पादन हेतु प्रमण्डल स्तर पर क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित कमिटि को अधिकृत किया गया। इस क्रम में जन शिक्षा निदेशालय के अधीन स्वीकृत पदों का स्थायीकरण स्वीकृत्यादेश संख्या–02 दिनांक 12.07.2007 के द्वारा किया गया है।

वर्तमान में निदेशालय द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यो एवं संचालित योजनाओं के बेहतर प्रबंधन तथा ससमय कार्य के निष्पादन के लिए पूर्व से सृजित पदों में से कतिपय मरणशील कुल–08 पदों को समर्पित (सरेंडर) करने एवं कतिपय पदों के पदनाम में संशोधन के साथ आवश्यक कुल–09 पदों के सृजन की स्वीकृति निम्नानुसार प्रदान की जाती है:–

| क्र0 | पदनाम | प्रस्तावित पदनाम | पे–लेवल/ वेतनमान | पूर्व से स्वीकृत पद | समर्पित (सरेंडर) किए जाने वाले पद | नवसृजित पद | कुल पद | प्रस्तावित पदबल के अनुसार कुल वार्षिक व्यय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक, जन शिक्षा | निदेशक, जन शिक्षा | 1,31,100 Level-13A | 1 | 0 | 0 | 1 | 28,39,500 | बि०प्र०से० |
| 2 | संयुक्त निदेशक, जन शिक्षा | संयुक्त निदेशक, जन शिक्षा | 78,800 Level-12 | 1 | 0 | 0 | 1 | 17,41,200 | बि०शि० से० |
| 3 | उप निदेशक, जन शिक्षा | उप निदेशक, जन शिक्षा | 67,700 Level-11 | 1 | 0 | 0 | 1 | 15,08,100 | बि०शि० से० |
| 4 | सहायक निदेशक, जन शिक्षा | सहायक निदेशक, जन शिक्षा | 53,100 Level-09 | 3 | 0 | 0 | 3 | 35,48,700 | बि०शि० से० |
| 5 | कार्यालय अधीक्षक | – | 44,900 Level-07 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | – |
| 6 | कनीय लेखा पदाधिकारी | – | 35,400 Level-06 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | – |
| 7 | प्रशाखा पदाधिकारी | प्रशाखा पदाधिकारी | 53,100 Level-09 | 1 | 0 | 0 | 1 | 11,82,900 | बि०सचि० से० |
| 8 | निजी सहायक | निजी सहायक | 34,500 Level-06 | 1 | 0 | 0 | 1 | 7,83,300 | बि०सचि० आशु०से० |
| 9 | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | 44,900 Level-07 | 3 | 0 | 0 | 3 | 30,32,100 | बि०सचि० से० |
| 10 | सांख्यिकी –सह–मूल्यांकन पर्यवेक्षक | सांख्यिकी पर्यवेक्षक | 35,400 Level-06 | 2 | 0 | 0 | 2 | 15,66,600 | – |
| 11 | कार्यक्रम सहायक | – | 35,400 Level-06 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | – |
| 12 | उच्चवर्गीय लिपिक | उच्चवर्गीय लिपिक | 25500 Level-04 | 0 | 0 | 4 | 4 | 23,01,600 | – |
| 13 | निम्नवर्गीय लिपिक | निम्नवर्गीय लिपिक | 19,900 Level-02 | 0 | 0 | 5 | 5 | 22,89,000 | – |
| 14 | लेखापाल | निम्नवर्गीय लिपिक | 19,900 Level-02 | 1 | 0 | 0 | 1 | 4,57,800 | – |
| 15 | आशुटंकक | आशुलिपिक | 25,500 Level-04 | 3 | 2 | 0 | 1 | 5,75,400 | – |
| 16 | टंकक | निम्नवर्गीय लिपिक | 19,900 Level-02 | 3 | 0 | 0 | 3 | 13,73,400 | – |
| 17 | मशीन चालक | – | 25,500 Level-04 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | – |
| 18 | दिनचर्या लिपिक | – | 25,500 Level-04 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | – |
| 19 | चालक | चालक | 19,900 Level-02 | 2 | 0 | 0 | 2 | 9,15,600 | – |
| 20 | आदेशपाल | कार्यालय परिचारी | 18,000 Level-01 | 5 | 0 | 0 | 5 | 20,89,500 | – |
| | | | **Total** | 33 | 8 | 9 | 34 | 2,62,04,700 | |

F/rajdev/letter/all Letter 2023

उक्त स्वीकृत नवसृजित पदों के वेतनादि का भुगतान जन शिक्षा निदेशालय के स्थापना अन्तर्गत पदस्थापित पदाधिकारियों के वेतनादि के भुगतान से सम्बन्धित विपत्र कोड–21–2202040010002 से किया जाएगा। स्वीकृत पदों के सृजन एवं पुनर्गठन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय भार रू0 2,62,04,700/– है।

उक्त प्रस्ताव पर प्रशासी पदवर्ग समिति की स्वीकृति वित विभाग के ज्ञापांक–10322 दिनांक 24.09.2025 के द्वारा प्राप्त है।

उक्त प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की दिनांक 13.01.2026 की बैठक में मद संख्या–10 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0/–
**(अजय सतीश भेंगरा)**
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–13/स्था0 05–03/2025.................../ पटना दिनांक–................

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई–गजट प्रशाखा), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–13/स्था0 05–03/2025.................../ पटना दिनांक–................

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/विकास आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान आप्त सचिव एवं अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–13/स्था0 05–03/2025.................../ पटना दिनांक–................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को मंत्रिपरिषद् दिनांक 13.01.2026 की बैठक में मद संख्या–10 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–13/स्था0 05–03/2025....112..../ पटना दिनांक–...30-01-2026

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/सभी निदेशक/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी, शिक्षा विभाग/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना एवं आई0टी0 मैनेजर को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30-1-26
सरकार के उप सचिव।